# प्रेस नोट

**दिनाक- 18.05.2025**

## जनपद ललितपुर के थाना तालबेहट पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा झपटमारी की घटना में प्रकाश में आये ₹ 25000/- के इनामिया वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

## अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद पीली धातु का लॉकेट किया गया बरामद।

श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देश के क्रम में, श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर एंव क्षेत्राधिकारी , तालबेहट के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 52/2025 धारा 304(2)/317(2) BNS में प्रकाश में आये ₹ 25000/- के वांछित इनामिया अभियुक्त बलवीर यादव पुत्र कल्यान यादव नि0 ग्राम झरर घाट थाना तालबेहट जनपद ललितपुर को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया तथा झपटमारी की घटना से संबंधित बरामद माल को कब्जे पुलिस लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी है। अभियुक्त बलवीर यादव उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुये, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय भेजा रहा है।

**घटना का विवरण-** वादी मुकदमा द्वारा थाना तालबेहट पर प्रार्थना -पत्र देकर अवगत कराया गया था कि एक मो0सा0 पर सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी की पत्नी से एक पर्स व मंगलसूत्र छीनकर भाग जाने के सम्बंध में दिया गया था।

सूचना के आधार पर थाना तालबेहट मे सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था । घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक ,ललितपुर द्वारा सदिग्ध व्यक्तियों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु ₹ 25000/- का इनाम घोषित किया गया था तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट के नेतृत्व में 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था, जिसमें थाना तालबेहट पुलिस, सर्विलांस, स्वाट टीम व जनपद के अन्य पुलिस बल को लगाया गया था। गठित टीमों द्वारा घटना स्थल के आस-पास लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज को कई किलोमीटर की परिसीमा तक देखा गया तथा रुट चार्ट तैयार कर, अन्य तकनीकों साक्ष्यों व सर्विलांस (टेक्निकली/ मैन्युअली) की मदद से गठित टीमों द्वारा अथक प्रयास करके उक्त घटना से सम्बंधित आरोपी की तलाश की गयी। मुकदमा उपरोक्त में पूर्व में विपेन्द्र यादव को नियमानुसार गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा अन्य प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त बलवीर यादव उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है।

**पूछतांछ का विवरण-** अभियुक्त बलवीर यादव उपरोक्त ने पूंछने पर बताया कि साहब हम लोग जगह-जगह घूमकर भोले-भाले लोगो को टारगेट करते हैं और मौका पाकर उनका सामान, रूपये आदि छीनकर भाग जाते हैं , जिसको बेचकर जो रुपये मिलते है उसे आपस में बांट लेते हैं और अपने ऐशो-आराम पर खर्च करते हैं। हम लोगो ने कुछ दिन पहले ग्राम ककड़ारी के पास से एक महिला से उसका सामान (पर्स) छीनकर भाग गये थे। उक्त

घटना में मेरे एक साथी को आप लोगो द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर , जेल भेज दिया गया है। साहब मुझसे गलती हो गयी , मुझे मांफ कर दीजिये।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम, पता व उम्र -**

बलवीर यादव पुत्र कल्यान यादव (उम्र 27 वर्ष) नि0 ग्राम झरर घाट थाना तालबेहट जिला ललितपुर।

**अभियुक्त से बरामदगी का विवरण-**

पीली धातु का एक लाकेट (पुतरिया) एवं 230 रुपये।

**गिरफ्तारी का दिनांक व समय -** दिनांक 17.05.25 समय 18.40 बजे

**गिरफ्तार करने वाली टीम के अधि0/कर्म0गण का नाम-**

1. प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी , थाना तालबेहट।
2. उ0नि0 मानवेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी तेरई फाटक, थाना तालबेहट।
3. उ0नि0 श्री अरुण पवार प्रभारी सर्विलांस मय टीम ललितपुर।

04. उ0नि0 श्री अतुल तिवारी प्रभारी स्वांट मय टीम ललितपुर